

# ओणम निलावु 2026 में देखने को मिली केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक

**ऑल इंडिया मलयाली एसोसिएशन मध्य प्रदेश चैप्टर ने किया आयोजन**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर** :ऑल इंडिया मलयाली एसोसिएशन मध्य प्रदेश चैप्टर द्वारा संतनगर में 'ओणम निलावु 2026' का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से आए मलयाली समाज के परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अथपुक्कलम प्रतियोगिता और दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

इसके बाद केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए तिरुवातिरा नृत्य, ओणम गीत और चेंडा मेलम की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, साथ ही भगवान महाबली के स्वागत का विशेष आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि तथा डीआईजी रियाज इकबाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अलावा पूर्व मंत्री पी. सी. शर्मा, आईजीआरएमएस की निदेशक डॉ. अमिता पांडे, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, अशोक मारन और गुड्डू भैया ने भी शिरकत की। एआईएमए मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष एडवोकेट जॉली कुरियन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण सचिव इंजीनियर पी. अनिल नायर ने दिया। वहीं, राष्ट्रीय सांस्कृतिक सचिव सी. अशोकन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जॉली एलंतूर ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कलाधरन पांजेन व जिमी वर्गीस समेत के.टी. कन्नन, टी.एस. कुरुप, प्रसन्ना सोमराजन, लीला विक्रमन, स्मिता आचार्य, अनूप वर्गीस, सुनील सी.पी., मुरली टी.वी., सतीशन पी.टी. और दिनेशन पी. जैसे पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के बाद सभी ने पारंपरिक ओणम सद्या का आनंद लिया, जिसने केरल की एकता और भाईचारे की भावना को उजागर किया। अंत में संयुक्त सचिव अनिमोन के आभार प्रदर्शन किया।

# सेल्समैन की बाइक से 35 हजार से भरा बैग झपटा, चेन भी लूटी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** छोला मंदिर और सूखी सेवनिया थाना क्षेत्रों में लूट की दो घटनाएं सामने आई हैं। छोला इलाके में बदमाश ने सेल्समैन को धक्का देकर बाइक के हैंडल पर टंगा 35 हजार रुपये से भरा बैग झपट लिया। वहीं भानपुर ब्रिज के पास एक युवक के गले से सोने की चेन छीन ली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन के सेमरा निवासी 28 वर्षीय जितेंद्र दुबे एक नमकीन कंपनी में सेल्समैन हैं। शनिवार शाम करीब पांच बजे वह प्रेम नगर कॉलोनी में एक दुकान के सामने बाइक खड़ी कर नमकीन के पैकेट दिखाने गए थे। इस दौरान बैग बाइक के हैंडल पर टंगा था, जिसमें 35 हजार थे। दुकानदार को पैकेट दिखाते समय जितेंद्र ने देखा कि एक युवक बैग ले जाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने दौड़कर उसे रोकना चाहा तो आरोपित ने धक्का देकर बैग छीन लिया और भागने लगा। जितेंद्र और आसपास के लोगों ने पीछा किया, लेकिन आरोपित रास्ते में कुछ नोट फेंकता हुआ फरार हो गया। दूसरी घटना में इटारसी निवासी 45 वर्षीय अरुण कुमार सिंह रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे भानपुर ब्रिज के पास फोन पर बात करने के लिए रुके थे। तभी पैदल आए युवक ने उनके गले से सोने की चेन झपटी और भाग गया।

## 30वां वार्षिक आमसभा समारोह

# ग्राहक सेवा में सदैव तत्पर महानगर बैंक : वासवानी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर** : प्रदेश के सहकारी क्षेत्र में अग्रणी महानगर नागरिक सहकारी बैंक का 30वां वार्षिक आमसभा समारोह आयोजित किया गया। बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष म.प्र. आवास संघ सुशील वासवानी ने कहा कि ग्राहक सेवा एवं उनकी संतुष्टि ही महानगर बैंक का प्रथम उद्देश्य है। वासवानी ने बताया कि बैंक अपनी स्थापना दिवस से ही गरीब जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। बैंक के ग्राहक सशक्त एवं समृद्ध हों, ऐसे प्रयास करते हुए महानगर बैंक ने अपने व्यवसाय में वृद्धि की है। वर्तमान में बैंक की 4 शाखाएं संचालित हैं और भोपाल महानगर में कई स्थानों पर एटीएम के माध्यम से आम जनता को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।




### पारदर्शिता और संघर्ष से वटवृक्ष बना बैंक

*इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ संचालक शशिभाई सेठ ने बैंक प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए समस्त अंशधारी सदस्यों को अवगत कराया कि बैंक पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। संचालक एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने कहा कि बैंक की स्थापना में जो कठिनाइयां आईं और जो श्रम लगा, वह आज फलीभूत होकर एक वटवृक्ष के रूप में खड़ा हो गया है और आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहा है।*

### सदस्यों एवं ग्राहकों का सकारात्मक भरोसा

*सदस्यों एवं ग्राहकों का बैंक के प्रति भाव सदैव सकारात्मक रहा है, जिसके कारण बैंक लगातार सफलता की ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिस विश्वास के साथ ग्राहकों ने अपनी अमानतें बैंक को सौंपी हैं, उस पर बैंक पूर्णतः खरी उतरेगी। बैंक दूरदृष्टि के साथ कार्य कर रही है, जिसके परिणाम आने वाले वर्षों में दिखेंगे।*

### संस्थाओं से जुड़ने की अपील

बैंक की स्थापना से जुड़े सदस्य एवं नवयुवक सभा के अध्यक्ष तथा पूर्व कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने कहा कि वे स्वयं बैंक के अंशधारी हैं और बैंक की सेवाएं अत्यंत संतोषजनक हैं। उन्होंने संत नगर की सभी व्यावसायिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया कि जिनके खाते महानगर बैंक में न हों, वे खाता खोलें और संत नगर की इस बैंक को सेवा का अवसर दें। वरिष्ठ समाजसेवी एवं बैंक सदस्य बिहारी लाल लोकवानी ने भी बैंक की वित्तीय एवं प्रबंधकीय मजबूती के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अतिथियों का स्वागत और उपस्थिति

कार्यक्रम में बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी ने शॉल भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महेश दयारामानी, हीरो ज्ञानचंदानी, दिलीप मंगतानी, बसंत चेलानी, कर्नल पारवानी, नरेंद्र लालवानी, नरेश वासवानी, कमल प्रेमचंदानी, महेश दादलानी, रमाशंकर गुप्ता, उद्योगपति सुभाष भावनानी, विश्व हिंदू परिषद के विशाल पुरोहित, गुलाब जेठानी, निमेष सेठ, डॉ. टी.के. ज्ञानचंदानी, झामनदास शामनानी उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन बैंक के संचालक नरेश कुमार वासवानी ने किया।

## बंद खदान के पानी भरे गड्ढे में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र के कलखेड़ा गांव में सोमवार सुबह बंद खदान के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान शोएब पिता इकबाल खान के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ कलखेड़ा में रहता था। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया। पुलिस के अनुसार शोएब सुबह घर से करीब 100 मीटर दूर पानी से भरे गड्ढे के पास अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह डूब गया। घटना देखकर उसका दोस्त घबरा गया और मदद के लिए गांव पहुंचा। उसने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुछ देर तलाश के बाद शोएब का शव पानी में दिखाई दिया। शव बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मौत डूबने से होना सामने आया है।

## सुनवाई से पहले निगम की सीलिंग कार्रवाई पर उठे सवाल

# आरोप- सील किया साक्षी ढाबा फिर खुला खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी की थी कार्रवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रहवासी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां बंद कराने के लिए नगर निगम की ओर से की गई सीलिंग कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। रहवासियों ने नीलबड़ रोड स्थित साक्षी ढाबे की तस्वीरें जारी की हैं। उनका कहना है कि नगर निगम ने ढाबे को सील किया था, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने 13 सितंबर को यहां निरीक्षण कर कार्रवाई की।

संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन को शिकायत भेजकर साक्षी ढाबे को तत्काल दोबारा सील करने की मांग की है। समिति ने सीलिंग के बाद खुले अन्य प्रतिष्ठानों का सर्वे कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों और संचालकों की भूमिका की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग भी की है।

समिति ने सवाल उठाया कि नगर निगम की ओर से सील किए गए प्रतिष्ठान को दोबारा कैसे खोला गया। क्या सील हटाने या प्रतिष्ठान खोलने की अनुमति दी गई थी? यदि अनुमति नहीं दी गई थी तो सील किसने हटाई या तोड़ी और अब तक प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं हुई?

समिति के अनुसार, 13 सितंबर को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भदभदा क्षेत्र स्थित साक्षी ढाबे का निरीक्षण किया था। समिति का कहना है कि इस कार्रवाई से संबंधित पंचनामा, निरीक्षण रिपोर्ट, नमूने लेने की कार्रवाई, फोटो-वीडियो और अन्य अभिलेख मामले की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकते हैं। इन्हें नगर निगम की जांच में शामिल करने और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली कार्रवाई रिपोर्ट में भी रखने की मांग की गई है।

रहवासी लवनीश भाटी ने कहा कि यह केवल साक्षी ढाबे का मामला नहीं, बल्कि निगम की पूरी सीलिंग कार्रवाई की विश्वसनीयता का सवाल है। याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने भी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

## डॉ यादव ने हिंदी दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी नागरिकों से राजभाषा हिंदी के साथ देश की सभी भारतीय भाषाओं को अधिक सशक्त और समृद्ध बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने हिंदी और भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

# प्रसव के कुछ समय बाद नवजात की मौत, अगले दिन महिला ने भी दम तोड़ा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गुनगा थाना क्षेत्र के ग्राम रोडिया में 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रसव पीड़ा होने पर उसे नौ सितंबर को परिजन हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां महिला ने बच्ची को जन्म दिया। बच्ची की कुछ समय बाद ही मौत हो गई, जबकि उपचार के दौरान अगले दिन महिला ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार अंश यादव पत्नी वीरेंद्र यादव को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराने पहुंचे थे। अस्पताल में प्रसव के बाद बच्ची काफी कमजोर थी। जन्म के कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई। इधर, प्रसव के बाद अंश यादव की तबीयत भी ठीक नहीं थी। चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा था। रविवार सुबह उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। महिला और नवजात की मौत को लेकर पुलिस जांच कर रही है। जांच टीम के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# नाबालिग ने चुराया चार लाख का सवारी ऑटो

**काजी कैंप से चोरी के बाद पुट्ठा मिल के पास बेचने की फिराक में था, पुलिस ने किया बरामद**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हनुमानगंज थाना पुलिस ने काजी कैंप क्षेत्र से चोरी हुआ करीब चार लाख रुपये कीमत का सवारी ऑटो बरामद किया है। मामले में पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा है। पूछताछ में उसने ऑटो चोरी करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ऑटो बरामद कर लिया। काजी कैंप निवासी इरशाद पिता अय्यूब खान ने 8 सितंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि 6 सितंबर को उनका सवारी ऑटो क्रमांक एमपी 04 जेडआर 7450 जनता मेडिकल स्टोर के पास खड़ा था। कुछ देर बाद लौटने पर ऑटो वहां नहीं मिला। आसपास तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। शिकायत के बाद पुलिस ने ऑटो की तलाश शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह भदौरिया ने टीम गठित की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर सक्रिय किए। इसी दौरान सूचना मिली कि एक लड़का पुट्ठा मिल के पास चोरी का ऑटो बेचने की कोशिश में घूम रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के आधार पर नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार करने के बाद उसकी निशानदेही पर ऑटो बरामद किया गया। नाबालिग के खिलाफ कानून के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# समूहगान प्रतियोगिता में नवनिध को मिला प्रथम पुरस्कार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर :** भारत विकास परिषद संतनगर शाखा द्वारा संत हिरदाराम नगर, भोपाल में वार्षिक राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना की भावना को जागृत करना था। नवयुवक सभा के संत हिरदाराम हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 10 प्रमुख विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीतमय प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। कड़े मुकाबले के बीच नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया। क्राइस्ट मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल ने द्वितीय तथा दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग, सरकारी कॉलेजों के लिए अलग बजट का आग्रह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग की। संगठन ने कहा कि वर्ष 2017 से छात्रसंघ चुनाव बंद हैं। सरकार ने सितंबर में चुनाव कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक तारीख या अधिसूचना जारी नहीं हुई है। अभाविप ने चुनाव प्रक्रिया जल्द शुरू करने के साथ इसे पारदर्शी तरीके से कराने की मांग रखी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर देते हैं। बैठक में सरकारी कॉलेजों की सुविधाओं का मुद्दा भी उठाया गया। अभाविप ने कहा कि कई सरकारी महाविद्यालयों में जरूरी संसाधनों और सुविधाओं की कमी है। कॉलेजों के आधारभूत ढांचे को बेहतर बनाने के लिए अलग से बजट उपलब्ध कराने की मांग की गई। अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों के लिए अपनी बात रखने और नेतृत्व सीखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

**अपराध** *नौकरी का झांसा देकर लिए थे तीन लाख...*

# फर्जी आईएएस तृप्ति सिंह के खिलाफ तीसरी एफआईआर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर कथित ठगी के मामले में तृप्ति सिंह के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज की गई है। इस बार उस पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर तीन लाख रुपये लेने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, तृप्ति ने पीड़िता को भरोसे में लेने के लिए फर्जी प्रशिक्षण से लेकर ई-मेल और नियुक्ति पत्र तक भेजे थे। आरोप है कि तृप्ति ने एलबीएसएनएए और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के नाम से फर्जी ई-मेल भेजवाए और फोन भी करवाए। इसके अलावा भोपाल स्थित जनजातीय संग्रहालय में पीड़िता को अधिकारी स्तर की फर्जी ट्रेनिंग भी कराई गई। नौकरी नहीं लगने पर पीड़िता ने रकम वापस मांगी। तृप्ति ने तीन लाख रुपये लौटा दिए, इसके बावजूद पुलिस ने मामले में उसके और उसके साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

इधर, तृप्ति का एक नया वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह सरकारी कार्यालय का निरीक्षण करती दिखाई दे रही है। जांच में आरोप है कि वह खुद को आईएएस अधिकारी बताकर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जाती थी और पुलिस से सुरक्षा व प्रोटोकॉल भी हासिल करती थी। अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में उसे पुलिस बल उपलब्ध कराए जाने की बात भी सामने आई है।

पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसकी फर्जी पहचान का सत्यापन क्यों नहीं हुआ और उसने कितने लोगों को निशाना बनाया। रिमांड के दौरान कथित ठगी के पूरे नेटवर्क और संभावित अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### महिला समूहों की ईएमआई हड़पने वाला बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

*ईंटखेड़ी पुलिस ने बैंक की किस्तों की रकम हड़पने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 27 वर्षीय पवन गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक्सिस बैंक की इस्लामनगर शाखा में कर्मचारी था और महिला समूहों से ऋण की किस्तें वसूलने का काम करता था। पुलिस के अनुसार पवन ने एक दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच 31 महिला समूह खाताधारकों से कुल एक लाख 13 हजार 742 रुपये की किस्त राशि वसूली थी। आरोप है कि उसने यह रकम बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। मामले में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक की शिकायत पर जांच के बाद ईंटखेड़ी थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने आरोपी की तलाश में साइबर टीम की मदद ली। तकनीकी सुराग जुटाने के बाद पुलिस को उसके अब्बास नगर स्थित पतंजलि कॉलोनी में होने की जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस टीम ने शनिवार को दबिश देकर पवन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से मामले में आगे पूछताछ कर रही है।*